**Series Z1YXW/5**

**SET ~ 1**

**प्रश्न-पत्र कोड 4/5/1**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें । *

# हिन्दी (ब)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

**नोट :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं ।

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **18** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड अ** और **खण्ड ब** ।*

*(iii) **खण्ड अ** में उपप्रश्नों सहित **45** बहुविकल्पी/वस्तुपरक उपप्रश्न पूछे गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 उपप्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(iv) **खण्ड ब** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

*(v) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi) यथासंभव दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

## खण्ड अ

## (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

जलवायु परिवर्तन के दौर में गरमी का बढ़ता प्रकोप अनेक चिंताएँ उत्पन्न कर रहा है । भूमि के सभी क्षेत्र गरमी के प्रकोप से समान रूप से प्रभावित नहीं होते हैं । जहाँ अधिक हरियाली है, पेड़ हैं, वहाँ गरमी की मार अपेक्षाकृत कम है, जहाँ पूरा क्षेत्र सीमेंट-कंक्रीट के निर्माणों और सड़कों से भरा पड़ा है, वहाँ गरमी अधिक होती है । प्रायः किसी भी शहर के लिए एक ही तापमान बताया जाता है, पर वास्तव में एक ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों के तापमान में बहुत अंतर होता है । 10 डिग्री सेल्सियस या उससे भी अधिक का अंतर एक ही महानगर या बड़े शहर के भीतर देखा जा सकता है । वृद्ध और पहले से कमज़ोर स्वास्थ्य के लोगों पर चरम गरमी के दिनों में विशेष ध्यान देने की जरूरत है । गरमी के प्रकोप से उन लोगों की स्थिति और बिगड़ सकती है, जो पहले से साँस व हृदय संबंधी समस्याओं से त्रस्त हैं ।

पर्यावरणविदों के अनुसार, शहरों में अधिक तापमान के कुछ प्रमुख कारण इस प्रकार हैं । आधुनिक शहरों का आकार-प्रकार वायु के बहाव के हिसाब से ठीक नहीं है । गाँव में हवा रुकती नहीं है, लेकिन शहरों में ऊँची इमारतों की वजह से हवा रुकती है और बेचैनी बढ़ती है । शहर रेगिस्तान की तरह होने लगे हैं । कई जगहों पर किसी वनस्पति का नामोनिशान नहीं होता है, ऐसे इलाकों पर बारिश भी बेअसर होती है । वाष्पीकरण कम होता है और गरमी बढ़ जाती है । शहरों में मानव-जनित ऊष्मा भी बहुत बढ़ गई है । पेट्रोलियम पदार्थों के अधिकतम उपयोग से भी शहरी तापमान बढ़ रहा है । गरमी के प्रकोप को कम करने के लिए बसावट सुधारने से हरियाली बढ़ाने तक बहुत काम हैं, जो हमें करने चाहिए । स्थानीय प्रजाति के वृक्षों की संख्या बढ़ाने तथा परंपरागत जलस्रोतों की रक्षा पर ध्यान देना चाहिए ।

(i) शहरी क्षेत्रों में अधिक तापमान का क्या कारण है ?

(a) शहरों में बहुमंज़िला इमारतों का होना

(b) शहरों में पक्की सड़कों का जाल होना

(c) शहरों में हरियाली का असमान रूप में पाया जाना

(d) शहरों में सीमेंट-कंक्रीट के निर्माण का अधिक होना

(ii) शहरी क्षेत्रों में असमान तापमान का क्या कारण है ?

(a) हरियाली की तुलना में सीमेंट-कंक्रीट का अधिक होना

(b) हरियाली की तुलना में सीमेंट-कंक्रीट के निर्माण का अधिक होना

(c) शहरों में हरियाली का असमान अनुपात

(d) शहरों में हरियाली का कम होना

(iii) गरमी के प्रकोप से किन लोगों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है ?

(a) कमज़ोर लोगों पर

(b) वृद्ध लोगों पर

(c) वृद्ध व कमज़ोर स्वास्थ्य के लोगों पर

(d) साँस व हृदय संबंधी समस्याओं से ग्रसित लोगों पर

(iv) परंपरागत जलस्रोतों का उचित विकल्प है :

(a) कुआँ, पोखर, नलकूप

(b) कुआँ, हैंडपंप, पोखर

(c) कुआँ, तालाब, नलकूप

(d) कुआँ, तालाब, बावड़ी

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

*कथन (A) :* गाँव में हवा रुकती नहीं है, लेकिन शहरों में हवा रुकती है ।

*कारण (R) :* आधुनिक शहरों का आकार-प्रकार वायु के बहाव के हिसाब से ठीक नहीं है ।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों ग़लत हैं ।

(b) कथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

(c) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R), कथन (A) की ग़लत व्याख्या करता है ।

(d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

उस छोटी लड़की का जीवन निराशा से भरा हुआ था । माता-पिता भी लाचार थे । वे चाहकर भी अपनी बेटी के लिए कुछ नहीं कर पाते थे । बचपन से ही वह चलने-फिरने में अक्षम थी । बैसाखी के बिना उसका एक कदम भी चलना मुश्किल था । एक शाम वह लड़की अपने घर के पास ही पार्क में चुपचाप बैठी थी । उसकी नजर पत्थर की उस मूर्ति पर पड़ी, जिसमें एक युवती दौड़ने की मुद्रा में खड़ी थी । वह मूर्ति इतनी जीवंत थी, गोया अभी दौड़ पड़ेगी । लड़की मूर्ति को देखकर सोचने लगी, क्या ऐसा नहीं हो सकता कि मैं भी उस मूर्ति की मुद्रा में दौड़ पाऊँ ? मुझे कोशिश तो करनी चाहिए ।

अगली सुबह वह उस प्रतिमा के पास देर तक उसी मुद्रा में टिकने की कोशिश करती, बार-बार गिरती, किंतु हरेक विफलता के साथ उसका हौसला दोगुना हो जाता । उसे घोर पीड़ा होती थी, पैर भी लहूलुहान हो जाते थे, किंतु उसने प्रयास करना नहीं छोड़ा और एक दिन वह अपने पैरों पर सीधी खड़ी हो गई ।

उस लड़की की अथक कोशिश में मानव जीवन के लिए एक गहरा संदेश छिपा है — हमारी सोच से ही हमारे जीवन और संस्कारों का निर्माण होता है । सोच सकारात्मक हो, उसके प्रति दृढ़ रहा जाए, तो हम दुनिया की हर तस्वीर को बदल सकते हैं । स्वामी विवेकानंद कहा करते थे, हम सभी वही होते हैं, जो हमारे विचार हमें बनाते हैं । इसलिए आप जो सोचते हैं उसके बारे में ध्यान रखना चाहिए । हमारे विचार दूर तक जाते हैं । हम अपने जीवन में हज़ारों बार असफल हो सकते हैं, लेकिन ख़ुद को कभी भी हारा हुआ नहीं समझना चाहिए । हालाँकि विफलता के बाद सोच को स्थिर रखना आसान नहीं होता । इसके लिए मस्तिष्क के अनुकूलन की जरूरत होती है । इसलिए नकारात्मक सोच से हमें सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि गिरना तो जीवन की कुदरती प्रक्रिया है ।

(i) छोटी लड़की का जीवन निराशापूर्ण क्यों था ?
- (a) माता-पिता की बेबसी के कारण
- (b) चलने-फिरने की अक्षमता के कारण
- (c) पैरों का इलाज ठीक से न होने के कारण
- (d) घर में आर्थिक अभावों के कारण

(ii) छोटी लड़की के चलने का श्रेय जाता है :
- (a) छोटी लड़की के अथक प्रयासों को
- (b) छोटी लड़की की सकारात्मक सोच को
- (c) पार्क में दौड़ने की मुद्रा में लगी मूर्ति को
- (d) छोटी लड़की की सकारात्मक सोच व कोशिश को

(iii) गद्यांश में प्रयुक्त 'मुद्रा' शब्द का उचित अर्थ है :

(a) मुहर

(b) आकृति

(c) धन

(d) सिक्का

(iv) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(क) हमारी सोच से ही हमारे जीवन और संस्कारों का निर्माण होता है ।

(ख) अपने विचारों के साथ दूसरों की सोच पर भी ध्यान दीजिए ।

(ग) नकारात्मक सोच से हमें सावधान रहने की जरूरत है ।

(घ) असफलता के बाद जीवन में आराम की जरूरत है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) (क) और (ग)

(b) केवल (क)

(c) केवल (ख)

(d) (क), (ख) और (ग)

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

*कथन (A) :* विफलता के बाद सोच को स्थिर रखना आसान नहीं होता ।

*कारण (R) :* व्यक्ति का मनोबल टूट जाता है । मस्तिष्क को अनुकूलन की जरूरत होती है ।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों ग़लत हैं ।

(b) कथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

(c) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R), कथन (A) की ग़लत व्याख्या करता है ।

(d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

**3.** निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) "उसने अपने कानों में एक गंभीर आकर्षक आवाज सुनी ।" — इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है :

(a) संज्ञा पदबंध

(b) क्रिया पदबंध

(c) विशेषण पदबंध

(d) क्रिया-विशेषण पदबंध

(ii) "लाभ-हानि का हिसाब लगाने वाला वह कहाँ गया ?" — इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है :

(a) संज्ञा पदबंध

(b) सर्वनाम पदबंध

(c) विशेषण पदबंध

(d) क्रिया पदबंध

(iii) "गेंद की तरह लुढ़ककर जहाज वर्ली के समंदर पर आकर गिरा ।" — इस वाक्य में क्रिया-विशेषण पदबंध है :

(a) गेंद की तरह लुढ़ककर

(b) पर आकर गिरा

(c) लुढ़ककर जहाज

(d) जहाज वर्ली के

(iv) "जीवन डिब्बेनुमा छोटे घरों में सिमटने लगा है ।" — इस वाक्य में संज्ञा पदबंध है :

(a) छोटे घरों में सिमटने

(b) डिब्बेनुमा छोटे घरों में

(c) घरों में सिमटने लगा है

(d) जीवन डिब्बेनुमा छोटे

(v) "वामीरो भयवश सामने आने में <u>झिझक रही थी</u> ।" — इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है :

(a) संज्ञा पदबंध

(b) सर्वनाम पदबंध

(c) क्रिया पदबंध

(d) क्रिया-विशेषण पदबंध

**4.** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) "मेरे और भाई साहब के बीच केवल दो साल का अंतर था ।" — रचना की दृष्टि से यह वाक्य है :

(a) सरल वाक्य

(b) संयुक्त वाक्य

(c) मिश्र वाक्य

(d) साधारण वाक्य

(ii) "भाई साहब तलवार खींच कर मुझ पर टूट पड़े ।" — इस वाक्य का संयुक्त वाक्य बनेगा :

(a) भाई साहब ने तलवार खींची और मुझ पर टूट पड़े ।

(b) जैसे ही भाई साहब ने तलवार खींची वह मुझ पर टूट पड़े ।

(c) मुझ पर टूट पड़ने के लिए भाई साहब द्वारा तलवार खींच ली गई ।

(d) जब भाई साहब ने तलवार खींची तब वह मुझ पर टूट पड़े ।

(iii) निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य है :

(a) जापान में चाय पीने की विधि को चा-नो-यू कहते हैं ।

(b) जापान में चाय पीने की जो विधि है उसे चा-नो-यू कहते हैं ।

(c) जापानियों द्वारा चाय पीने की विधि को चा-नो-यू कहा जाता है ।

(d) यह जापान में चाय पीने की विधि है और इसे चा-नो-यू कहते हैं ।

(iv) "कर्नल ने जंगल में जो खेमा लगाया था वो वज़ीर अली को पकड़ने के लिए था ।" — रचना की दृष्टि से वाक्य है :

(a) सरल

(b) संयुक्त

(c) साधारण

(d) मिश्र

(v) "वज़ीर अली ने वकील की हत्या की और नेपाल की तरफ भाग गया ।" — वाक्य का सरल वाक्य बनेगा :

(a) जैसे ही वज़ीर अली ने वकील की हत्या की वह नेपाल की तरफ भाग गया ।

(b) जब वज़ीर अली ने वकील की हत्या की तब वह नेपाल की तरफ भाग गया ।

(c) वज़ीर अली ने वकील की हत्या की इसलिए नेपाल की तरफ भाग गया ।

(d) वकील की हत्या करने के बाद वज़ीर अली नेपाल की तरफ भाग गया ।

**5.** निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) 'हस्तलिखित' समस्तपद का सही समास विग्रह है :

(a) हाथ पर लिखित

(b) हाथ से लिखित

(c) हाथ में लिखित

(d) हाथ के लिखित

(ii) 'महात्मा' समस्तपद का सही समास-विग्रह और समास का नाम वाला विकल्प चुनकर लिखिए :

(a) महान है जो आत्मा — कर्मधारय

(b) महान है आत्मा जिसकी — कर्मधारय

(c) महान आत्मा — बहुव्रीहि

(d) महान आत्मा है जो — बहुव्रीहि

(iii) 'स्वाधीन' समस्तपद का सही विग्रह है :

(a) स्व के धीन

(b) स्व के अधीन

(c) स्व में आधीन

(d) स्वा के आधीन

(iv) 'प्रतिक्षण' समस्तपद कौन-से समास का उदाहरण है ?

(a) तत्पुरुष

(b) अव्ययीभाव

(c) बहुव्रीहि

(d) कर्मधारय

(v) 'गगन को चूमने वाली' विग्रह का समस्तपद है :

(a) गगनमुक्ति

(b) नभ चुमने वाली

(c) आकाश चुंबकीय

(d) गगनचुंबी

**6.** निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : $4\times1=4$

(i) 'दबे पाँव आना' मुहावरे का अर्थ है :

(a) पैर दबाकर आना

(b) चोरी-चोरी आना

(c) पैर दबाते हुए आना

(d) नंगे पैर आना

(ii) 'तराजू पर तोलना' मुहावरे का अर्थ है :

(a) नाप तोल का पता लगाना

(b) उचित-अनुचित का निर्णय करना

(c) वस्तु का वज़न पता करना

(d) वस्तु की गुणवत्ता का पता करना

(iii) "आतंकवादियों को पकड़ने के लिए सैनिक देश की सीमा पर __________ पड़े रहते हैं ।" रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए ।

(a) आँखों में धूल झोंकना

(b) चक्कर खाना

(c) सुध-बुध खोना

(d) डेरा डालना

(iv) "मास्टर प्रीतम चंद छोटी-छोटी बातों में छात्रों की __________ तैयार रहते थे ।" रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए ।

(a) चमड़ी उधेड़ना

(b) नज़र रखना

(c) हाथों में लेना

(d) नामोनिशान मिटाना

(v) 'अपमानित करना' — अर्थ के लिए सही मुहावरा है :

(a) पानी उतरना

(b) नीचा दिखाना

(c) घुटने टेकना

(d) टोपी उछलना

(vi) 'एकमात्र सहारा' — अर्थ के लिए सही मुहावरा है :

(a) अंधे की लाठी

(b) आँख का तारा

(c) अँधेरे घर का उजाला

(d) गुदड़ी का लाल

**7.** निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

उड़ गया, अचानक लो, भूधर
फड़का अपार पारद के पर !
रव-शेष रह गए हैं निर्झर !
है टूट पड़ा भू पर अंबर !
धँस गए धरा में सभय शाल !
उठ रहा धुआँ, जल गया ताल !
– यों जलद-यान में विचर-विचर
था इंद्र खेलता इंद्रजाल !

(i) 'भूधर के उड़ जाने' का आशय :
- (a) उसके पंछी समान उड़ने से है
- (b) उसके अदृश्य हो जाने से है
- (c) उसके बादलों के साथ चले जाने से है
- (d) उसके बादलों के पंख लगाने से है

(ii) 'है टूट पड़ा भू पर अंबर' — पंक्ति में क्या कल्पना की गई है ?
- (a) अंबर ने धरती पर बाणों की वर्षा शुरू कर दी
- (b) अंबर ने धरती पर मूसलाधार वर्षा शुरू कर दी
- (c) अंबर ने बादलों रूपी सेना द्वारा भूमि पर आक्रमण कर दिया
- (d) अंबर बादलों की गड़गड़ाहट के साथ धरती पर गिर पड़ा

(iii) शाल के वृक्षों के भयभीत होने का कारण इनमें से क्या ***नहीं*** है ?
- (a) आसमान से मूसलाधार वर्षा
- (b) तालाबों का जलना
- (c) चारों तरफ उठता धुआँ
- (d) बादलों की गड़गड़ाहट

(iv) प्रस्तुत काव्यांश में किस ऋतु में कहाँ के सौंदर्य का वर्णन किया गया है ?

(a) वर्षा ऋतु में मैदानी भागों के सौंदर्य का

(b) वर्षा ऋतु में पर्वतीय प्रदेश के सौंदर्य का

(c) वसंत ऋतु में तटीय प्रदेश के सौंदर्य का

(d) वसंत ऋतु में पर्वतीय प्रदेश के सौंदर्य का

(v) प्रस्तुत काव्यांश में किसका मानवीकरण किया गया है ?

(a) पर्वतों का

(b) अंबर का

(c) वृक्षों का

(d) प्रकृति का

**8.** पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) 'आत्मत्राण' कविता के अनुवादक का नाम है :

(a) रवींद्रनाथ ठाकुर

(b) रवींद्रनाथ सिंह

(c) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी

(d) हज़ारी प्रसाद चतुर्वेदी

(ii) 'छू न पाए सीता का दामन कोई' — पंक्ति में सीता से अभिप्राय है :

(a) भारत-माता

(b) देश की बहन-बेटियाँ

(c) (a) और (b) दोनों

(d) तीनों में से कोई नहीं

**9.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

महज़ इम्तिहान पास कर लेना कोई चीज़ नहीं, असल चीज़ है बुद्धि का विकास । जो कुछ पढ़ो, उसका अभिप्राय समझो । रावण भूमंडल का स्वामी था । ऐसे राजाओं को चक्रवर्ती कहते हैं । आजकल अंग्रेज़ों के राज्य का विस्तार बहुत बढ़ा हुआ है, पर इन्हें चक्रवर्ती नहीं कह सकते । संसार में अनेक राष्ट्र अंग्रेज़ों का आधिपत्य स्वीकार नहीं करते, बिलकुल स्वाधीन हैं । रावण चक्रवर्ती राजा था, संसार के सभी महीप उसे कर देते थे । बड़े-बड़े देवता उसकी गुलामी करते थे । आग और पानी के देवता भी उसके दास थे, मगर उसका अंत क्या हुआ ? घमंड ने उसका नामोनिशान तक मिटा दिया, कोई उसे एक चुल्लू पानी देने वाला भी न बचा । आदमी और जो कुकर्म चाहे करे, पर अभिमान न करे, इतराये नहीं । अभिमान किया और दीन-दुनिया दोनों से गया ।

(i) 'जो कुछ पढ़ो, उसका अभिप्राय समझो ।' पंक्ति का आशय है :

(a) पुस्तकीय ज्ञान का अक्षरश: अर्थ समझना

(b) पुस्तकीय ज्ञान से बुद्धि का विकास करना

(c) पुस्तकीय ज्ञान से परीक्षा पास करना

(d) पुस्तकीय ज्ञान से अच्छे अंक लाना

(ii) अंग्रेज़ों को रावण की तरह चक्रवर्ती सम्राट क्यों ***नहीं*** कहा जा सकता ?

(a) क्योंकि सभी देवता उनके दास नहीं थे

(b) क्योंकि सभी देवता उन्हें कर नहीं देते

(c) क्योंकि समस्त भूमंडल पर उनका स्वामित्व नहीं था

(d) क्योंकि वे रावण की तरह शक्तिशाली नहीं थे

(iii) रावण के अंत का क्या कारण था ?

(a) अपनी शक्ति पर घमंड करना

(b) सभी देवताओं को दास बनाना

(c) सभी राजाओं से कर लेना

(d) सीता का हरण करना

(iv) बड़े भाई ने लेखक को रावण का उदाहरण क्यों दिया ?

(a) रावण के अंत से परिचित कराने के लिए

(b) रावण की शक्ति से परिचित कराने के लिए

(c) लेखक की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए

(d) लेखक के व्यवहार में आए घमंड को रोकने के लिए

(v) 'चुल्लू भर पानी देने वाला' मुहावरे का अर्थ है :

(a) प्यासे को पानी पिलाने वाला

(b) थोड़ी सी सहायता करने वाला

(c) दुख के समय साथ देने वाला

(d) कंजूसी से जीवन बिताने वाला

**10.** गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर शेख अयाज़ के पिता द्वारा भोजन छोड़कर उठने का कारण था :

(a) भोजन का अच्छा नहीं लगना

(b) पेट का भर जाना

(c) आवश्यक काम का याद आ जाना

(d) बेघर जीव को उसके घर पहुँचाना

(ii) 'गिन्नी का सोना' पाठ के आधार पर लिखिए कि समाज के पास विद्यमान शाश्वत जीवन मूल्य किनकी देन हैं ।

(a) महात्मा गाँधी की

(b) आदर्शवादियों की

(c) व्यवहारवादियों की

(d) प्रैक्टिकल आइडियालिस्टों की

## खण्ड ब

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11.** गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए : *2×3=6*

(क) 'पतझर में टूटी पत्तियाँ' के लेखक के अनुसार 'सत्य केवल वर्तमान है, उसी में जीना चाहिए ।' क्या आप लेखक के विचार से सहमत हैं ? अपने पक्ष के समर्थन या विरोध में तर्क सहित उत्तर दीजिए ।

(ख) निदा फ़ाज़ली अपनी माँ और पत्नी द्वारा जीव-जंतुओं के साथ किए जाने वाले व्यवहार के अंतर से क्या कहना चाहते हैं ? 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के संदर्भ में लिखिए ।

(ग) 'तताँरा-वामीरो कथा' पाठ के आधार पर 'पशु-पर्व' में होने वाली घटना का उल्लेख कीजिए ।

**12.** पद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए : *2×3=6*

(क) 'साखी' शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए अपने पाठ्यक्रम में संकलित कबीर की साखियों का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'आत्मत्राण' कविता का कवि ईश्वर से सांसारिक सुखों की प्रार्थना न करते हुए, क्या निवेदन कर रहा है ? इससे उसके चरित्र की किस विशेषता का पता चलता है ?

(ग) 'हरि आप हरो जन री भीर' पद के आधार पर सिद्ध कीजिए कि मीरा यदि एक ओर श्रीकृष्ण की क्षमताओं का गुणगान करती हैं तो दूसरी ओर उन्हें उनके कर्तव्य की याद दिलाने में भी विलंब नहीं करती ।

**13.** पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए : *2×3=6*

(क) 'हरिहर काका' कहानी के आधार पर लिखिए कि कहानी के अंत में हरिहर काका की सुरक्षा में राइफलधारी पुलिस के चार जवान क्यों नियुक्त किए गए । हरिहर काका की वास्तविक सुरक्षा किसके द्वारा और कैसे की जा रही थी ?

(ख) 'सपनों के-से दिन' पाठ में बच्चों को अनुशासन में रखने के लिए माता-पिता, भाई-बहनों और अध्यापकों द्वारा मार-पीट करने का जिक्र आया है । वर्तमान समय में इसमें क्या परिवर्तन आया है ? आपकी दृष्टि में कौन-सा तरीका अधिक बेहतर है ?

(ग) 'टोपी शुक्ला' कहानी के आधार पर लिखिए कि कहानी का प्रमुख पात्र टोपी अपने बड़े भाई मुन्नी बाबू से क्यों चिढ़ता था । टोपी के साथ मुन्नी बाबू द्वारा किए गए व्यवहार को आप कितना उचित मानते हैं ? तर्क सहित उत्तर दीजिए ।

**14.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *1×5=5*

(क) माँ-पिताजी की शादी की बीसवीं सालगिरह

- सगे-संबंधियों और मित्रों को निमंत्रण
- कार्यक्रम की तैयारी
- रंगारंग कार्यक्रम और माँ-पिताजी की प्रसन्नता

(ख) क्यों प्रिय है, मुझे मेरा देश ?

- भौगोलिक विविधता
- प्राकृतिक सुंदरता
- विविधता में एकता

(ग) स्वरोज़गार : आत्मनिर्भरता की सीढ़ी

- स्वरोज़गार का अर्थ
- समय की माँग
- युवा प्रतिभाओं को निखरने का मौका

**15.** (क) आप क.ख.ग. कॉलोनी के निवासी हैं । आपके क्षेत्र में गत कई दिनों से बंदरों का प्रकोप बढ़ गया है । इस समस्या के शीघ्रातिशीघ्र समाधान के लिए नगर-निगम अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) आपके घर में पिछले कई दिनों से गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है । इस समस्या के शीघ्रातिशीघ्र समाधान के लिए नगर-निगमाधिकारी को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

**16.** (क) आपके विद्यालय में 'हिन्दी दिवस' के अवसर पर हिन्दी सप्ताह आयोजित किया जा रहा है जिसमें हिन्दी भाषा से संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ यथा — कवि गोष्ठी, नाट्य मंचन, वाद-विवाद आदि का आयोजन किया जाएगा । विद्यालय के सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष की ओर से इसकी जानकारी देते हुए लगभग 80 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए । *4*

**अथवा**

(ख) विद्यालय के प्रधानाचार्य की ओर से 'आपदा-प्रबंधन' पर आयोजित होने वाली कार्यशाला की जानकारी देते हुए लगभग 80 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए । *4*

**17.** (क) आपकी बड़ी बहन बहुत ही स्वादिष्ट केक और पेस्ट्री बनाती हैं । उनकी बिक्री के प्रचार-प्रसार हेतु लगभग 60 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) आपके पिताजी अपना दो कमरों वाला फ्लैट किराए पर देना चाहते हैं । फ्लैट और उससे संबंधित जानकारी देते हुए लगभग 60 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । *3*

**18.** (क) सर्दियों के मौसम में कोहरे के प्रकोप के कारण, संभावित दुर्घटनाओं से छात्रों की सुरक्षा हेतु स्कूल प्रशासन ने, स्कूल का समय परिवर्तित करने का निर्णय लिया है । विद्यालय के प्रधानाचार्य की ओर से लगभग 100 शब्दों में बदले हुए समय की जानकारी अभिभावकों तक पहुँचाने के लिए एक ई-मेल स्कूल की वेबसाइट पर डालने हेतु तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

(ख) निम्नलिखित पंक्ति को आधार बनाते हुए लगभग 100 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए :

'राम दसवीं कक्षा का मेधावी छात्र था ।' *5*

# अत्यंत गोपनीय-केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतु

# सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2023

# अंक-योजना

# हिंदी 'ब' विषय कोड—085

# प्रश्न-पत्र कोड-- 4/5/1, 4/5/2, 4/5/3

सामान्य निर्देश:-

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा- प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किये गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है | इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा- प्रणाली के पटरी से उतरने का कारण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है | इस नीति /दस्तावेज को किसी को भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना IPC के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है |

3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करे और आश्वस्त हो कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर-पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (×) । मूल्यांकन-कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हो तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर दायीं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग बायीं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

7. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

8. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

9. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

10. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 (उदाहरण 0--80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया

है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

11. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

12. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं-

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर में दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर-पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्दों में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि।
- उत्तरों पर सही का चिह्न (√) लगाना किंतु अंक न देना।

13. प्रत्येक परीक्षक यह भी सुनिश्चित करेगा कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जाए, शीर्षक पृष्ठ की गई प्रविष्टि सही हो तथा कुल अंकों को आंकड़ों और शब्दों में लिखे।

14. उम्मीदवार निर्धारित प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान पर अनुरोध कर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। अतः सभी मुख्य परीक्षकों/ अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ परीक्षकों/ समन्वयकों को एक बार फिर से याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मूल्यांकन योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार मूल्यांकन किया जाए।

# अंक योजना

## हिंदी 'ब'

| प्रश्न सं. | 4/5/1 | 4/5/2 | 4/5/3 | मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **खंड अ**<br>**वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तर** | |
| **1** | **1** | **2** | **1** | **'अपठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न :<br>(i) (d) शहरों में सीमेंट-कंक्रीट के निर्माण का अधिक होना<br>(ii) (c) शहरों में हरियाली का असमान अनुपात<br>(iii) (c) वृद्ध व कमजोर स्वास्थ्य के लोगों पर<br>(iv) (d) कुआँ, तालाब, बावड़ी<br>(v) (d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है। | **5 x 1 = 5** |
| **2** | **2** | **1** | **2** | **'अपठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न :<br>(i) (b) चलने–फिरने की अक्षमता के कारण<br>(ii) (d) छोटी लड़की की सकारात्मक सोच व कोशिश को<br>(iii) (b) आकृति<br>(iv) (a) (क) और (ग)<br>(v) (d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है। | **5 x 1 = 5** |
| **3** | **3** | **-** | **-** | **'पदबंध'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (a) संज्ञा पदबंध<br>(ii) (b) सर्वनाम पदबंध<br>(iii) (a) गेंद की तरह लुढ़ककर<br>(iv) (b) डिब्बेनुमा छोटे घरों में<br>(v) (c) क्रिया पदबंध | **4 x 1 = 4** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | 3 | - | **'पदबंध'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (c) सुंदर और शक्तिशाली<br>(ii) (a) संज्ञा पदबंध<br>(iii) (c) क्रिया पदबंध<br>(iv) (c) सच का साथ देने वाले तुम<br>(v) (d) क्रिया-विशेषण पदबंध | **4 x 1 = 4** |
| | - | - | 3 | **'पदबंध'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (c) विशेषण पदबंध<br>(ii) (d) क्रिया-विशेषण पदबंध<br>(iii) (b) दिन-रात एक करने वाला छात्र<br>(iv) (b) क्रिया पदबंध<br>(v) (d) बाहर से आए लोगों में से कुछ | **4 x 1 = 4** |
| **4** | **4** | - | - | **'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (a) सरल वाक्य<br>(ii) (a) भाई साहब ने तलवार खींची और मुझ पर टूट पड़े।<br>(iii) (b) जापान में चाय पीने की जो विधि है उसे चा-नो-यू कहते हैं।<br>(iv) (d) मिश्र वाक्य<br>(v) (d) वकील की हत्या करने के बाद वज़ीर अली नेपाल की तरफ भाग गया। | **4 x 1 = 4** |
| | - | 4 | - | **'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (c) मिश्र वाक्य<br>(ii) (b) कबूतर परेशानी में थे इसलिए इधर–उधर फड़फड़ा रहे थे।<br>(iii) (b) बाहर जो बेढब–सा बरतन था वह मिट्टी का था।<br>(iv) (a) रामू बगल के कमरे में जाकर कुछ बरतन ले आया।<br>(v) (a) सरल वाक्य | **4 x 1 = 4** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | - | 4 | **'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (a) सरल वाक्य<br>(ii) (c) अविनाश बाबू ने झंडा गाड़ा और पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।<br>(iii) (d) कलकत्ता के नाम पर कलंक था कि यहाँ काम नहीं हो रहा है।<br>(iv) (b) दरिया जाने पर उसे सलाम किया करो।<br>(v) (b) संयुक्त वाक्य | **4 x 1 = 4** |
| **5** | **5** | - | - | **'समास'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (b) हाथ से लिखित<br>(ii) (a) महान है जो आत्मा — कर्मधारय<br>(iii) (b) स्व के अधीन<br>(iv) (b) अव्ययीभाव<br>(v) (d) गगनचुंबी | **4 x 1 = 4** |
| **5** | - | **5** | - | **'समास'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (a) आत्म का सम्मान<br>(ii) (d) द्विगु<br>(iii) (d) घन रूपी श्याम — कर्मधारय<br>(iv) (c) हाथ ही हाथ में<br>(v) (c) शोक से आकुल | **4 x 1 = 4** |
| **5** | - | - | **5** | **'समास'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (a) लोक में प्रिय<br>(ii) (a) तत्पुरुष समास<br>(iii) (c) सत्याग्रह<br>(iv) (c) द्वंद्व समास<br>(v) (a) विद्या रूपी धन — कर्मधारय | **4 x 1 = 4** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **6** | **6** | **6** | **6** | **'मुहावरे'** पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (b) चोरी-चोरी आना<br>(ii) (b) उचित-अनुचित का निर्णय करना<br>(iii) (d) डेरा डालना<br>(iv) (a) चमड़ी उधड़ेना<br>(v) (b) नीचा दिखाना<br>(vi) (a) अंधे की लाठी | **4 x 1 = 4** |
| **7** | **7** | **7** | **7** | **'पठित पद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :<br>(i) (b) उसके अदृश्य हो जाने से है<br>(ii) (b) अंबर ने धरती पर मूसलाधार वर्षा शुरू कर दी<br>(iii) (d) बादलों की गड़गड़ाहट<br>(iv) (b) वर्षा ऋतु में पर्वतीय प्रदेश के सौंदर्य का<br>(v) (d) प्रकृति का | **5 x 1 = 5** |
| **8** | **8** | **8** | **8** | **'पाठ्यपुस्तक के पद्य पाठों'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :<br>(i) (c) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी<br>(ii) (c) (a) और (b) दोनों | **2 x 1 = 2** |
| **9** | **9** | **9** | **9** | **'पठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :<br>(i) (b) पुस्तकीय ज्ञान से बुद्धि का विकास करना<br>(ii) (c) क्योंकि समस्त भूमंडल पर उनका स्वामित्व नहीं था<br>(iii) (a) अपनी शक्ति पर घमंड करना<br>(iv) (d) लेखक के व्यवहार में आए घमंड को रोकने के लिए<br>(v) (b) थोड़ी सी सहायता करने वाला | **5 x 1 = 5** |
| **10** | **10** | **10** | **10** | **'पाठ्यपुस्तक के गद्य पाठों'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :<br>(i) (d) बेघर जीव को उसके घर पहुँचाना<br>(ii) (b) आदर्शवादियों की | **2 x 1 = 2** |
| | | | | **खंड ब**<br>**वर्णनात्मक प्रश्न** | |
| **11** | **11** | **16** | **12** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br>(क)<br>• मुक्त उत्तर स्वीकार्य<br>• विद्यार्थियों की उचित तार्किक अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन | **2 x 3 = 6**<br>**3** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | (ख)<br>● सभ्यता के विकास के साथ-साथ संवेदनशीलता में कमी आना<br>● जीवन–मूल्यों के ह्रास की ओर ध्यान आकर्षित करना<br>● दो पीढ़ियों की सोच में अंतर दर्शाना<br>(ग)<br>● पशु पर्व में लपाती और पासा दोनों गाँव के लोगों का एकत्रित होना<br>● मेले में तताँरा और वामीरो का प्रेम संबंध उजागर होना<br>● वामीरो की माँ तथा गाँव के लोगों द्वारा तताँरा और वामीरो के प्रेम संबंधों का विरोध<br>● क्रोध में आकर तताँरा द्वारा अपनी तलवार से द्वीप को दो टुकड़ों में विभाजित करना | **3**<br><br><br><br>**3** |
| **12** | **12** | **17** | **11** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>(क)<br>**अर्थ** –<br>प्रत्यक्ष ज्ञान/ साक्षी<br>**उद्देश्य** –<br>● जीवन में व्यावहारिक मूल्यों का ज्ञान देना जैसे- प्रेम का महत्त्व, मीठी वाणी का प्रयोग, अहंकार का त्याग, निंदा को सकारात्मक अर्थ में लेना आदि।<br>● आध्यात्मिक मूल्यों का ज्ञान देना जैसे - कण-कण में ईश्वर की व्याप्ति<br>(ख)<br>**निवेदन-**<br>● आत्मिक और मानसिक बल पाने की प्रार्थना<br>● जीवन की कठिनाइयों से निर्भय होकर संघर्ष करने की शक्ति<br>**विशेषता -**<br>● साहस और पुरुषार्थ<br>● स्वयं पर विश्वास<br>● ईश्वर पर असीम विश्वास<br>(ग)<br>● श्रीकृष्ण के भक्त वत्सल रूप का उल्लेख करते हुए उनकी क्षमताओं का गुणगान | **2 x 3 = 6**<br><br>**1+2= 3**<br><br><br><br><br>**1+2= 3**<br><br><br><br><br>**3** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ● द्रोपदी, भक्त प्रहलाद- नरसिंह, गजराज आदि का उदाहरण<br>● श्रीकृष्ण से सबके साथ-साथ अपने उद्धार की प्रार्थना | |
| **13** | **13** | **18** | **13** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>(क)<br>**क्यों-**<br>● हरिहर काका को अपने प्राण का भय<br>● महंत और भाइयों के मन में बहला–फुसला के हरिहर की ज़मीन हड़पने की आशंका<br>**किसके द्वारा-**<br>● वास्तविक सुरक्षा महंत और हरिहर के भाइयों द्वारा<br>**कैसे-**<br>● महंत और हरिहर के भाइयों द्वारा चौबीसों घंटे उनकी निगरानी करके<br>(ख)<br>**परिवर्तन-**<br>● कठोर शारीरिक दंड - अपराध की श्रेणी में, कानूनी दृष्टि से प्रतिबंधित<br>● अनुशासन में रखने के लिए मनोवैज्ञानिक तरीकों का उपयोग - यथा बच्चों को प्रोत्साहित करना, उनकी प्रशंसा करना, पुरस्कार देना आदि<br>● खेल–खेल में सिखाने पर जोर<br>**दृष्टिकोण -**<br>● मुक्त उत्तर स्वीकार्य<br>● विद्यार्थियों की उचित तार्किक अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन<br>(ग)<br>**चिढ़ने का कारण-**<br>● टोपी के प्रति परिवार का पक्षपातपूर्ण व्यवहार<br>● मुन्नी बाबू को श्रेष्ठ और टोपी को निम्न सिद्ध किया जाना<br>● मुन्नी बाबू के झूठ के कारण टोपी को मार पड़ना<br>**दृष्टिकोण -**<br>● मुक्त उत्तर स्वीकार्य<br>● विद्यार्थियों की उचित तार्किक अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन | **2 x 3 = 6**<br><br>**1+1+1=3**<br><br>**2+1 = 3**<br><br>**2+1 =3** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **14** | **14** | **11** | **14** | किसी **एक** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लेखन :<br>• विषय-वस्तु – 3 अंक<br>• भाषा – 1 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक | **1 x 5 = 5** |
| **15** | **15** | **12** | **15** | किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लेखन:<br>• आरंभ व अंत की औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>• विषय-वस्तु – 2 अंक<br>• भाषा – 1 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक | **1 x 5 = 5** |
| **16** | **16** | **13** | **16** | किसी **एक** विषय पर लगभग 80 शब्दों में सूचना लेखन:<br>• विषय-वस्तु – 2 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक<br>• भाषा – 1 अंक | **1 x 4 = 4** |
| **17** | **17** | **14** | **17** | किसी **एक** विषय पर लगभग 60 शब्दों में विज्ञापन :<br>• विषय-वस्तु – 1 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक<br>• भाषा – 1 अंक | **1 x 3 = 3** |
| **18** | **18** | **15** | **18** | लगभग100 शब्दों में लघुकथा **अथवा** ई-मेल लेखन :<br>लघुकथा लेखन –<br>• विषय-वस्तु – 3<br>• भाषा – 1<br>• प्रभाव – 1<br>**अथवा**<br>ई-मेल लेखन -<br>• औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>• विषय-वस्तु – 2 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक<br>• भाषा – 1 अंक | **1 x 5 = 5** |